राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
ब्लॉक–ए / 4, गौतम नगर, भोपाल–462023

क्रमांक / रागाप्रौवि / गोप / 2021 / 235 भोपाल, दिनांक 28.05.2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय – ऑनलाईन परीक्षा की प्रक्रिया को समझने के लिए मॉक टेस्ट आयोजित करने विषयक ।

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत दिनांक 03 जून 2021 से डिप्लोमा फार्मेसी की ऑनलाईन परीक्षा आयोजित की जा रही है । विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दिनांक 31.05.2021, 01.06.2021 एवं 02.06.2021 को एक मॉक टेस्ट, समय दोपहर 2 से रात्रि 8 बजे तक आयोजित रहेगी । मॉक टेस्ट के लिए विद्यार्थियों को poly.rgpvexam.in पर लॉग इन करके इनरोलमेंट नंबर एवं उनके द्वारा बनाया गया पासवर्ड डालना होगा । इसके उपरांत उन्हें डेमो दिखेगा, उसके स्टार्ट बटन पर क्लिक करना होगा । विद्यार्थियों को कुछ प्रश्न दिखाई देंगे । ये प्रश्न विषय से संबंधित नहीं है, केवल प्रक्रिया को समझने के लिए दिए गए हैं । इसमें तीन सेक्शन होंगे जैसे वास्तविक प्रश्न में आने वाले हैं । विद्यार्थी next बटन दबाकर विभिन्न प्रश्नों को देख सकते हैं । Previous दबाकर पुराने प्रश्नों पर जा सकते हैं । रिव्यू बटन पर क्लिक करके कुल कितने प्रश्न हल किए हैं, ये देख सकते हैं । सब्मिट करने पर आगे प्रश्न पत्र हल नहीं कर सकेंगे । सभी विद्यार्थी पुनः पुनः प्रेक्टिस करना चाहते हैं, तो सब्मिट बटन न दबाएं । मॉक टेस्ट में वहीं विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे, जिन्होंने ऑनलाईन परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरा हो एवं रजिस्ट्रेशन कराकर पासवर्ड बना लिया हो । ऐसे समस्त विद्यार्थी, जिन्होनें अभी तक परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरे हैं, तत्काल परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने की कार्यवाही करें । जिन विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनका तत्काल रजिस्ट्रेशन करवाएं । सभी विद्यार्थी मॉक टेस्ट देकर परीक्षा की प्रक्रिया को भलीभांति समझ सकें, यह सुनिश्चित करना आपका दायित्व होगा ।

सचिव,
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल